Designers' Pool

4731. DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) the steps being taken to create a pool of designers and train specialists in global merchandising and production technology for achieving increased international garments business;

(b) whether Government have plans to strengthen and expand or open new institutions like the National Institute of Fashion Designing (NIFT); and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF TEXTILES (SHRI KASHIRAM RANA): (a) National Institute of Fashion Technology (NIFT) organises a regular three year diploma programme in Fashion Designing in all its 7 centres all over the country. NIFT also trains a good number of students who are sponsored by the industrial establishments as Fashion Coordinators under the programme of Fashion Designing and Clothing Technology (FDCT) which is a one year certificate course conducted in NIFT, New Delhi and a few other Centres.

A pool of talent trained in Fashion Designing by NIFT is available to assist the garment manufacturers in their export promotion efforts. Further more the NIFT trained graduates in Garment Manufacturing Technology and Apparel Marketing and Merchandising are also in a position to help the garment industry in various positions of responsibility on professional lines.

(b) and (c) Government has been regularly taking measures for consolidating and strengthening existing NIFT centres. The need and justification for opening of new NIFT centres is under examination.

एडवर्ड मिल्स, ब्यावर (राजस्थान) की वित्तीय स्थिति

4732. **श्री ओंकार सिंह लखावतः** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान नेशनल टेक्सटाईल कारपोरेशन लि० (दिल्ली, पंजाब और राजस्थान) की इकाई एडवर्ड मिल्स, ब्यावर की आर्थिक स्थिति क्या रही, और इसकी लाभ अथवा हानि की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एडवर्ड मिल्स, ब्यावर के श्रमिकों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से निश्चित तिथि पर वेतन भत्ते प्रदान किए जा रहे हैं; और

(ग) क्या एन०टी०सी० को एडवर्ड मिल्स, ब्यावर के श्रमिकों की तरफ से वेतन समय पर नहीं मिलने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त हुई है; यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गयी है?

वस्त्र मंत्री (श्री काशीराम राणा): (क) पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से एडवर्ड मिल्स, ब्यावर, राजस्थान को घाटे हो रहे हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान हुए घाटे निम्नानुसार हैं:

(करोड़ रु० में)

वर्ष	निबल घाटा
93-94	4.40
94-95	2.06
95-96	2.59
96-97	2.46
97-98	3.36 (अंनतिम)

(ख) और (ग) एन०टी०सी० को समय पर मजदूरियां प्राप्त न होने के बारे में एडवर्ड मिल्स, ब्यावर के कामगारों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। सरकार एडवर्ड मिल्स सहित एन०टी०सी० की सभी मिलों के सामने मजदूरियों और वेतन का भुगतान करने में पेश आ रही कमी को पूरा करने के लिए निधियां जारी कर रही है, हालांकि बजटीय अड़चनों के कारण निधियां जारी करने में कभी-कभी विलंब हो जाता है। एडवर्ड मिल्स के कामगारों और कर्मचारियों को मई, 1998 के माह तक की मजदूरियों और वेतन का भुगतान कर दिया गया है।